# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

E-mail : dfobokarodivision@rediffmail.com Phone/Fax No : +91-6542-265142


पत्रांक :– 2949 दिनांक :– 26/8/16

सेवा में,

महाप्रबंधक,
सी0सी0एल0
बी0 एण्ड के0 एरिया।

**विषय :– कोनार ओ0सी0पी0 हेतु 68.40हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव का संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक 2828 दिनांक 18.08.2016.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि सी0सी0एल0 की कोनार ओ0सी0पी0 हेतु 68.40हे0 वनभूमि अपयोजन के विरूद्ध क्षतिपूरक वनरोपण हेतु कुल रकबा 166.44हे0 (45.44हे0+60.00हे0+61.00हे0) शुद्ध रकबा 136.80हे0 (36.80हे0+50.00हे0+ 50.00हे0) का स्थल विशिष्ट नक्शा इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध किया गया था कि क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्रस्तावित स्थलों का डी0जी0पी0एस0 सर्वे कराकर Shape file एवं पॉलीगॉन तैयार कर kml file शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जाय। साथ ही स्थलों का अस्थाई पिलरिंग कराते हुए सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराई जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। प्रधान सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि शीघ्र प्रस्ताव को अपलोड करने की कार्रवाई की जाय। परंतु आपके द्वारा आज दिनांक 26.08.2016 तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई की सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। फलतः अग्रतर कार्रवाई लंबित है।

अतः पुनः अनुरोध है कि क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्रस्तावित स्थलों का डी0जी0पी0एस0 सर्वे कराकर Shape file एवं पॉलीगॉन तैयार कर kml file एक सप्ताह के अन्दर इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जाय। साथ ही स्थलों का अस्थाई पिलरिंग कराते हुए सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराई जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

ok